Helpline 1064

94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

- भीमराव अंबेडकर गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज सिरोही का प्रिंसिपल 50,000/– रूपये कि रिश्वत लेते रंगे हाथो गिरफ्तार।

जयपुर, दिनांक, 11 दिसम्बर गुरूवार। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. जयपुर की एस.आई.यू. इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये **श्रवण मीना प्रिंसिपल, भीमराव अंबेडकर गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज सिरोही** को 50,000/– रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक श्री गोविन्द गुप्ता** ने बताया कि एसीबी की एस.आई.यू. इकाई को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी कॉलेज हॉस्टल मेस का ठेकेदार है उसके बिल पास करने की एवज में और कांट्रैक्ट को रिन्यू करने की एवज में 50,000/–रूपये रिश्वति राशि मांग परेशान किया जा रहा था।

जिस पर **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री अनिल कायल** के निर्देशन में **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संदीप सारस्वत** के नेतृत्व में आज के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी श्रवण मीना, प्रिंसिपल, भीमराव अंबेडकर गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज सिरोही को 50,000/– रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।